हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 12 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री


14 शिक्षकों ने सांसद से की मुलाकात, सौंप ज्ञापन ...



14 छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि, नियमों से नहीं होगा कोई ...



## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर युवक से 1.47 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विजयनगर कॉलोनी निवासी अब्दुल रहमान इंस्टाग्राम पर खिलौने बेचने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो गया। शिकायत के अनुसार, दो जुलाई को इंस्टाग्राम पर दिखे एक विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद ठगों ने उससे मैसेज के जरिए संपर्क किया और खिलौनों का कारोबार कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों ने बातों में उलझाकर उससे अलग-अलग माध्यमों से कुल 1.47 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। रकम मिलने के बाद उन्होंने संपर्क तोड़ दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमला

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा युवती से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार, छह जुलाई की शाम गांव के ही रीतिक और रोहित ने युवती का रास्ता रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती के घर पहुंचकर घटना बताने पर परिजन आरोपियों से बात करने गए। आरोप है कि रीतिक, रोहित, हेमंत और देशराज ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले में युवती सहित तारावती, सुनीता, सोनिया और मैनपाल घायल हो गए। सभी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूने दो घरों से लाखों के गहने उड़ा ले गए चोर

**यमुनानगर।** चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में चोर लाखों रुपये की संपत्ति लेकर फरार हो गए। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव काठगढ़ में गौतम कुमार के सूने घर का ताला तोड़कर चोर करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं, हमीदा की बिशनदास कॉलोनी में केवल सिंह के घर से अज्ञात चोर साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी और लोहे का गल्ला चुरा ले गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के बाद मामले दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश का प्रभाव : जलस्तर बढ़ने से संपर्क मार्ग प्रभावित, जनजीवन प्रभावित**

# मारकंडा उफान पर, कठवा-तंगौर समेत चार गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

- 14,294 क्यूसेक पानी से खेत जलमग्न, फसलों को भारी नुकसान
- कलसाना में घरों तक पहुंचा पानी, सांप के काटने से गाय की मौत
- प्रशासन के दावे फेल, ग्रामीणों ने राहत और स्थायी समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहाबाद


**शाहबाद।** सड़कों पर भरे पानी में से होकर निकलते वाहन। फोटो : हरिभूमि

मारकंडा नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ ही एक बार फिर कठवा और तंगौर गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। वहीं कलसाना, और मोहनपुर में नदी का पानी घुस गया। शनिवार को नदी में 14,294 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया, जिससे नदी का पानी गांवों और आसपास के खेतों में फैल गया। खेतों में पानी भरने से किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने लगा है और ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि मारकंडा नदी का पानी हर वर्ष तबाही मचाता है। बाढ़ के कारण गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से प्रभावित हो जाता है, जिससे लोगों का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है तो कठवा गांव के हालात और भी दयनीय हो सकते हैं। बाढ़ के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी असर पड़ने की आशंका है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों तथा रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समय रहते आवश्यक इंतजाम करने और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बाढ़ की समस्या झेलने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से मारकंडा नदी पर प्रभावी

### पानी में बहकर आ रहे जहरीले जानवरों से खतरा बढ़ा

ग्रामीणों के मुताबिक, मारकंडा का पानी कलसाना गांव तक मार कर गया। यहां तटबंध से पानी पाइप के जरिए बैक मार गया, जिससे कलसाना गांव के निचले हिस्से डूब गए। यहां कई घरों में पानी घुस गया। यहां एक घर में पानी के साथ बहकर आए सांप ने गाय को काट लिया। इससे गाय की मौत हो गई। इसके बाद गांव की सरपंच दलजीत कौर ने जेसीबी की मदद से तटबंध की मिट्टी हटवाई। इससे पानी को रास्ता मिल गया और पानी मोहनपुर गांव की तरफ आ गया। हालांकि यहां पानी खेतों तक ही सीमित रहा। लेकिन खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### पानीपतः यमुना के क्षेत्र में नहीं जाने की अपील

**पानीपत।** डीसी डॉ वशिष्ठ ने यमुना क्षेत्र से लगते सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से यमुना में ना जाएं और ना ही नहाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि ज्यादा वर्षा के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित विभाग या नियंत्रण कक्ष को दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयास एवं जनसहयोग से मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकेगा।

### बाढ़ की स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों की खोली पोल

बाढ़ की स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। मानसून से पहले प्रशासन का दावा था कि इस बार पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और किसी भी गांव को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, लेकिन हकीकत दावों के ठीक उलट निकली। हर वर्ष की भांति इस साल भी गांव कठवा टापू में तब्दील नजर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर साल सरकार और प्रशासन बाढ़ से बचाने के बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं होता। हर वर्ष हमें इसी तरह भारी नुकसान और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है।


**कुरुक्षेत्र।** हादसे में क्षतिग्रस्त हुई पिकअप गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**इस्माइलाबाद में नेशनल हाईवे-152 पर हादसा**

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी पिकअप हेल्पर की मौत, दो घायल

- केबिन में फंसे तीनों युवकों को लोगों ने निकाला, घायल हेल्पर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के इस्माईलाबाद क्षेत्र में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक पिकअप गाड़ी के हेल्पर की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा लोटनी गांव के पास उस समय हुआ जब पिकअप ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा टकराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार तीनों युवक केबिन में बुरी तरह फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और एंबुलेंस से लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। वहां हेल्पर की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन दूसरे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उसके हाथ पर बने बमबम नाम के टैटू से हुई। बाद में उसकी पहचान 30 वर्षीय बमबम यादव निवासी महथोर गोठ गांव, जिला मधुबनी (बिहार) के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई ललित यादव, जो गुरुग्राम में रहते हैं, ने बताया कि बमबम अपने साथी चालक के साथ महिंद्रा पिकअप लेकर हिसार से पंचकूला जा रहा था। उनके साथ एक अन्य साथी भी वाहन में सवार था। लोटनी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अचानक कट मारकर ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रॉली में जा घुसी।

### पानीपत में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र में सात माह पहले निकाह करने वाली सेहरीन की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं, सेहरीन की सास रेहाना ने जानकारी दी कि सेहरीन ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या की है। जबकि पति साहिल व सुसर जहरी ने रेहाना को सेहरीन की मौत का जिम्मेदार ठहराया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि सेहरीन ने साहिल से सात माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। वहीं, पुलिस की जांच में सेहरीन के मुंह से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने सेहरीन के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, किला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दीवान सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक और सीन ऑफ क्राइम की टीम को बुलाकर मौके से सभी जरूरी भौतिक और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं, सेहरीन की मौत के सही कारण उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चलेगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक सेहरीन के पति साहिल, सास रेहना, सुसर जहीर समेत पांच पर दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एसआईआर के कार्य में लापरवाही पर गाज**

### थानेसर विस के बूथ नंबर 104 के बीएलओ निलंबित


**कुरुक्षेत्र।** बीएलओ से बातचीत करते उपायुक्त मीणा।

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में लापरवाही बरतने वाले थानेसर विधानसभा के बूथ नंबर 104 के बीएलओ को सस्पेंड किया गया है। बीएलओ की एसआईआर के कार्य को करने में कोई रुचि नहीं थी, कई बार बूथ से नागरिकों व अन्य अधिकारियों की शिकायत भी लगातार आ रही थी और आज निरीक्षण के दौरान भी बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर मौजूद नहीं पाया गया। सभी बिंदुओं को देखते हुए बीएलओ को सस्पेंड किया गया और बूथ पर दूसरे बीएलओ को नियुक्त किया गया है, ताकि 14 जुलाई तक बूथ पर एसआईआर के कार्य को पूरा किया जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को यूनिवर्सिटी के नॉन टीचिंग क्लब में बनाए गए थानेसर विधानसभा के बूथ नंबर 104, 105, 106 व 107 बूथों का निरीक्षण कर रहे थे।

### लोन के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन 5 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहिल निवासी कृष्णा गली, नमक मंडी, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-9 निवासी गुंजन ने 2 जुलाई को शिकायत दी थी कि मई माह में आरोपी ने ऑनलाइन संपर्क कर बैंक लोन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद अलग-अलग शुल्कों के नाम पर उससे 77,510 रुपये ले लिए। रकम लेने के बाद न तो लोन दिलाया और न ही पैसे लौटाए। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

**ड्रेन नंबर-2 में अब भी 43.9 एमएलडी गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट बह रहा**

# पानीपत के प्रदूषण पर एचपीसीबी सख्त, अफसरों को तय समय में कार्य पूरे करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीसीबी) के चेयरमैन विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में यमुना एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक में पानीपत में बढ़ते प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाया गया। केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली इस योजना के तहत ड्रेन नंबर-2 और ड्रेन नंबर-8 की विस्तृत समीक्षा की गई। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी परियोजनाएं पूरी करने के सख्त निर्देश दिए।

### बिना ट्रीटमेंट बह रहा गंदा पानी

निगम के मुख्य अभियंता एवं नोडल अधिकारी रमेश बागड़ी ने बताया कि ड्रेन नंबर-2 में प्रतिदिन 224.9 एमएलडी पानी बहता है। इसमें 181 एमएलडी पानी का शोधन हो रहा है, जबकि 43.9 एमएलडी गंदा पानी बिना उपचार के नाले में जा रहा है। इसे रोकने के लिए ददलाना में तीन एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया जा रहा है, जिसका 65%कार्य पूरा हो चुका है। वहीं, समालखा में दो नए एसटीपी प्रस्तावित हैं, जिनमें एक का टेंडर जारी हो चुका है, जबकि दूसरे के लिए भूमि का मामला लंबित है।


**पानीपत।** एचपीसीबी के चेयरमैन विनय प्रताप सिंह डेन-2 के गेट की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एसटीपी होगा अपग्रेड

सैनी कॉलोनी से आने वाले घरेलू और औद्योगिक रसायनयुक्त पानी के उपचार के लिए जाटल रोड स्थित 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी को अपग्रेड कर इंडस्ट्रियल एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए एचएसआईआईडीसी कंसल्टेंट नियुक्त कर रही है। परियोजना को 31 दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सेक्टर-29 में सीईटीपी का निर्माण शुरू**

एचएसआईआईडीसी ने सेक्टर-29 औद्योगिक क्षेत्र में 21 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी का निर्माण शुरू कर दिया है। इसके जून 2028 तक पूरा होने की संभावना है। वहीं, एचपीसीबी चेयरमैन विनय प्रताप सिंह ने ड्रेन नंबर-2 से जुड़े सभी प्रोजेक्ट 31 अक्टूबर 2027 तक हर हाल में पूरे करने के निर्देश दिए।

### रिफाइनरी रोड का सीईटीपी अब भी बंद

रिफाइनरी रोड का सीईटीपी बंदवरिष्ठ पर्यावरण अभियंता जे.पी. सिंह ने बताया कि रिफाइनरी रोड स्थित 2.5 एमएलडी क्षमता का सीईटीपी उद्योगों से रासायनिक अपशिष्ट नहीं मिलने के कारण बंद पड़ा है। वहीं, पानीपत से झज्जर तक जाने वाले 65 किलोमीटर लंबे ड्रेन नंबर आठ को लेकर नाले का पानी पूरी तरह ट्रीटेड है और इसका उपयोग केवल सिंचाई के लिए किया जाता है।

**अवैध डंपिंग पर केस दर्ज होगा**

एचपीसीबी चेयरमैन विनय प्रताप सिंह ने नालों-नहरों में कचरा या रासायनिक अपशिष्ट डालने वालों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को कैनाल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन का आज अंतिम दिन

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर जलने से नाचरौन में ब्लैक आउट

**यमुनानगर।** गांव नाचरौन में गत शुक्रवार को दिन भर बारिश चलने के दौरान हरिजन व वाल्मीकि बस्ती समेत अन्य ग्रामीणों के लिए रखा गया ट्रांसफार्मर जल जाने से आधे गांव में रात भर ब्लैक आउट रहा। ट्रांसफार्मर के जल जाने से आधे गांव में रात भर जहां ग्रामीण अंधेरे में रहे, वहीं, शनिवार को भी शाम तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं किए जाने से ग्रामीण पेयजल व अपने अन्य कार्य नहीं कर सके। ग्रामीणों ने अन्य घरों से पानी लाकर अपना गुजारा करना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गांव में रात भर ब्लैक आउट रहा है।

### बाजार में आई महिला के पर्स से 15 हजार चोरी

**यमुनानगर।** शहर की मीना मार्केट में खरीदारी करने आई महिला के पर्स से चोरों ने 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। सरस्वती कॉलोनी जगाधरी निवासी बलविंदर कौर ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जुलाई को वह अपनी बहन के साथ मीना मार्केट में खरीदारी के लिए आई थी। जब वह दुकान पर सामान खरीद रही थी। उसकी बहन ने अपना पर्स साइड में रख दिया और खरीदारी करने लगी। सामान खरीदने के बाद जब उसकी बहन ने पैसे निकालने के लिए पर्स खोला तो 15 हजार गायब मिले।

### सीएम विंडो व समाधान शिविरों में आई शिकायतों के निपटान को लेकर किया मंथन

# शिकायतों का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

**उपायुक्त प्रीति ने की बैठक की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में सीएम विंडो व समाधान शिविर की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के लिए जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि दस दिन के भीतर समस्याओं का समाधान करें।

उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि मानसून सीजन में कोई भी विभागाध्यक्ष बिना अनुमति के हैडक्वाटर न छोड़े। यदि कोई ऐसा करता है तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव नहीं है।

उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी शिकायत को लंबित न रखें।



यमुनानगर। के जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

**आमजन की संतुष्टि जरूरी**

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि आमजन की संतुष्टि और समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में सीएम विण्डों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों पर भी गंभीरता से विचार विमर्श किया गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीएम विण्डों से संबंधित मामलों को भी शीघ्र निपटान करना सुनिश्चित करें।

**ये रहे मौजूद**

*मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, नगर निगम के कमिश्नर महावीर प्रसाद, एएसपी आशीष चौधरी, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, नगराधीश पीयूष गुप्ता व जिला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।*

### जिला सचिवालय में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक

## कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति भंग न हो



**यमुनानगर।** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे से सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी इंतजाम समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिले के मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने एसडीएम व बीडीपीओ को निर्देश दिए कि नदियों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगवाए जाएं तथा अपने अपने क्षेत्र के भांग के पौधों को नष्ट करवा दें। स्वास्थ्य विभाग सचेत रहें और जरूरत होने पर कावड़ियों को समूचित उपचार उपलब्ध करवाए। -कांवड यात्रियों को ना हो कोई असुविधा उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को कावड़ यात्रा के संबंध में समूचित इंतजाम करने के निर्देश दिए। ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि रूट की व्यवस्था इस प्रकार हो कि शहर के भीतर भी लोगों में अव्यवस्था न फैले। कावड़ श्रद्घालुओं को पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखे कि किसी भी प्रकार का हादसा न हो। उन्होंने अपील की कि शिविर लगाने वाले प्लास्टिक के गिलास व प्लेट आदि का इस्तेमाल न करें। श्रद्घालुओं की भावना का ध्यान रखे और लॉ आर्डर की व्यवस्था बनाए रखे।




यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित ट्रेनिंग के दौरान एकत्रित अध्यापक।

## लर्निंग स्टाइल्स को लेकर शिक्षकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ होली मदर पब्लिक स्कूल में हुआ इन हाऊस टीचर ट्रेनिंग का आयोजन

होली मदर पब्लिक स्कूल में शनिवार को एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन विषय पर इन हाउस टीचर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य टीचर्स को पेरेंट्स के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन और बच्चों की एजुकेशन के महत्व को समझाने की स्ट्रेटेजीज के बारे में प्रशिक्षित करना था। ट्रेनिंग साहिल सचदेवा द्वारा संचालित की गई। ट्रेनिंग सत्र में टीचर्स ने जाना कि कैसे पेरेंट्स को बच्चों की एकेडमिक प्रोग्रेस, लर्निंग स्टाइल्स, और होलिस्टिक डेवलपमेंट के बारे में जागरूक किया जा सकता है। साथ ही पेरेंट टीचर इंटरेक्शन में अपनाई जाने वाली टेक्नीक्स और स्ट्रेटेजीज पर भी चर्चा की गई। साहिल सचदेवा ने इफेक्टिव कम्युनिकेशन, पॉजिटिव फीडबैक और पेरेंट एंगेजमेंट के महत्व को समझाया। उन्होंने उदाहरणों और केस स्टडीज के माध्यम से बताया कि कैसे पेरेंट्स को एजुकेशन में सहभागी बनाकर बच्चों की पढ़ाई और सेल्फ.कॉन्फिडेंस में सुधार किया जा सकता है। ट्रेनिंग में टीचर्स ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और रोल प्ले एक्टिविटीज के जरिए व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। सत्र के अंत में सभी टीचर्स ने लर्निंग आउटकम्स को अपनाने और अपने क्लासरूम प्रैक्टिसेस में लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि हमारे स्कूल का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि पेरेंट्स के साथ मिलकर उनके ओवरऑल डेवलपमेंट में योगदान देना भी है। इस तरह की ट्रेनिंग हमारे टीचर्स को नई टेक्नीक्स और एप्रोचेस से अवगत कराती हैं।

## अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर करना होगा संघर्षः डॉ. बलबीर

**रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसीपल एंड टीचर्स एसो. कार्यकारिणी ने की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन यमुनानगर जोन कार्यकारिणी की बैठक शहर के एमएलएन कालेज में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बलबीर सिंह ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जोन प्रधान डॉ. सुभाष वोहरा ने की। मौके पर जोन प्रधान डॉ. सुभाष वोहरा, कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनिल धवन, डॉ. शैलेश कपूर, डॉ. हरिंद्र सिंह कंग, डॉ. आईबी आनंद, डॉ. युगेश कुमार व डॉ. गुलशन सेठी ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने एसोसिएशन की लंबित मांगों पर सरकार से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार से कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी है। जिनमें नोशनल इंक्रीमेंटस का लाभ मिलना लगभग तय है। वहीं, 80 वर्ष से अधिक आयु वाले रिटायर्ड कर्मचारियों को 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोतरी का मामला अदालत में लंबित है। जिसका लाभ सभी पात्र साथियों को अवश्य मिलेगा।



यमुनानगर। आयोजित रिटायर्ड प्रिंसीपल एसोसिएशन की बैठक में मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित करते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर डॉ. पीसी भारद्वाज, डॉ. अनिल ओबराय, डॉ. सरिता वर्मा, डॉ. प्रेमकांता बजाज, डॉ. बोध राज, डॉ. आरएन बिंद्रा, डॉ. हरजीत कौर, डॉ.जसबीर कौर, डॉ. आशा बजाज, डॉ. बीबी सिंह, डॉ. महाजन, डॉ. एसएल वशिष्ठ, डॉ. पीके मलिक, डॉ. इंद्रा कपूर, डॉ. गुरशरण सिंह, डॉ. मनोहर सिंह व डॉ. कैलाश गोयल आदि मौजूद रहे।*

### पौधारोपण एवं नशामुक्ति कार्यक्रम

## स्काउट्स ने पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश



**रादौर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स यमुनानगर के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में पौधरोपण एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्काउटस के विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने पौधरोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए तथा स्वयं भी नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। विद्यालय के मौके पर शारीरिक शिक्षा अध्यापक एवं भारत स्काउट्स गाइड्स इकाई प्रभारी हरिश्चंद्र ने बताया कि यह अभियान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला यमुनानगर द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्काउट्स के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर व गांव स्थित मंदिर में पौधरोपण किया। वहीं, नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। मौके पर सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया।

## संवेदनशीलता ही विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का आधार

**दून पब्लिक स्कूल बुबका में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से शनिवार को दून पब्लिक स्कूल बुबका में लाइफ स्किल एडवांस विषय पर जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेंद्र कांबोज व प्रिंसिपल रेखा कांबोज द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती वंदना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। कार्यशाला की मुख्य संसाधन विशेषज्ञ दिव्या कौशिक व रेखा चौहान ने लाइफ स्किल एडवांस में सम्मानजनक व्यवहार, समावेशी विद्यालयी वातावरण व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभिन्न गतिविधियों, संवादात्मक सत्रों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय की गहन समझ प्रदान की गई। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इनमें दून पब्लिक स्कूल बुबका, आदर्श विद्या मंदिर अकालगढ़, श्यामा पब्लिक स्कूल, कॉन्वेंट स्कूल करनाल के प्रतिभागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने विषय से संबंधित चर्चाओं एवं गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। सत्र के दौरान लाइफ स्किल, समान अवसरों, सम्मानजनक संवाद, बाल संरक्षण एवं विद्यालयों में सकारात्मक एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक चर्चा की गई। संसाधन व्यक्तियों ने कहा कि शिक्षकों की संवेदनशीलता ही विद्यार्थियों में समानता, सम्मान, सहानुभूति एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए जहां प्रत्येक विद्यार्थी अपने विचार सामने रख सके।



यमुनानगर। के दून पब्लिक स्कूल बुबका में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते प्रशिक्षक।

## दंत जांच शिविर में 230 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**रादौर।** भारत विकास परिषद शाखा रादौर के तत्वावधान में कस्बा के इंडियन पब्लिक स्कूल में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के दांतो की जांच की गई और उन्हें दांतो की बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर का शुभारंभ प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ. संतीश कांबोज व शाखा के सेवा संयोजक डॉ. बिमल गर्ग ने किया।



शाखा के सेवा संयोजक डॉ. बिमल गर्ग ने बताया कि निःशुल्क दंत जांच शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर की दंत चिकित्सक डॉ. पल्लवी व बालाजी अस्पताल रादौर की डॉ. मोनिका सैनी ने 230 बच्चों के दांतों की जांच की गई। सभी बच्चों को परिषद की ओर से टुथपेस्ट व टूथ ब्रश दिये गए। प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ. सतीश कम्बोज ने मंच के माध्यम से आए हुए अतिथियों व बच्चों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी। स्कूल संचालक ईश मेहता ने परिषद द्वारा उनके स्कूल में दंत जांच शिविर आयोजित करने के लिए आभार जताया। मौके पर परिषद की ओर से स्कूल व दंत चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## उम्र का शतक पूरा करने वाले सोमनाथ शर्मा को किया सम्मानित

**रादौर।** के प्राचीन देवी मंदिर में शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सोमनाथ शर्मा को अपने जीवन के 100 वर्ष पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों ने सोमनाथ शर्मा को धोती, कुर्ता व पगड़ी देकर सम्मानित किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी सुरेश शुक्ला ने सोमनाथ शर्मा को माता रानी का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। क्षेत्र के राजीव अग्रवाल एवं मनोज सिंगला ने बताया कि सोमदत्त शर्मा रादौर के सबसे वृद्ध लोगों में से एक हैं व अपने जीवन का शतक पूरा करने जा रहे हैं वे आज भी पूर्णत स्वस्थ हैं। वह पैदल चलकर अपने सभी दैनिक कार्य कर रहे हैं। उनकी देखने सुनने की क्षमता आज भी ठीक है। उन्होंने अपनी आयु का राज पैदल चलना व संयमित सादा भोजन करना बताया है। उनके सम्मान में व उनके स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर सत्संग किया गया। सत्संग में माता की भेटें गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। सोमनाथ शर्मा ने सभी को आशीर्वाद देते हुए उन्हें सम्मानित करने पर आभार व्यक्त किया। मौके पर अनिल कुमार, मास्टर सुशील कुमार सिंगला, मनमोहन गुप्ता, सत्या देवी, चंचल, राम, कोमल, मोहित सैनी, पूर्व, गौरव, आराधना, सुमन व प्रीतम सिंह आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के रादौर में सोमनाथ शर्मा को सम्मानित करते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

## जनसंख्या नियंत्रण व महिला सशक्तिकरण की ली शपथ

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को लीगल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।



संयोजक डॉ.कुलदीप सिंह ने शपथ वाचन के माध्यम से छोटे एवं स्वस्थ परिवार, महिलाओं का सशक्तिकरण तथा जिम्मेदार अभिभावकत्व के महत्व से अवगत करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण कर समाज में जनसंख्या नियंत्रण, महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### उपमंडल अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करें सुनिश्चितः डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उपमंडल व्यासपुर के अधिकारियों की बैठक का आयोजन एसडीएम कार्यालय में किया गया। बैठक में एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से वर्षा के मद्देनजर सरकारी तथा निजी भवनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी अप्रिय घटना, जलभराव, भवन क्षति या अन्य आपदा संबंधी सूचना मिलते ही बिना विलंब प्रशासन को अवगत कराएए ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थितिए जलभराव या बाढ़ की सूचना तुरंत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दें। बैठक के बाद एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उपमंडल व्यासपुर के अंतर्गत किसी भी सरकारी या निजी भवन को भारी वर्षा के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही किसी भी आवासीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति भी सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है तथा संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**बरसात में राहत बचाव सुनिश्चित करें**



एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बैठक के दौरान अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए रिपोर्ट प्राप्त की गई कि कहीं किसी सरकारी अथवा निजी भवन को वर्षा के कारण कोई क्षति तो नहीं पहुंची है और कोई भवन असुरक्षित अथवा जर्जर स्थिति में तो नहीं है। एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करें।

## समाज को संगठित होकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| रादौर

सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने सीवन मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सिंह सैनी से भेंटकर उनका हालचाल जाना। प्रधान संदीप सैनी ने चेयरमैन शमशेर सिंह सैनी का रादौर में बुके भेंटकर स्वागत किया।

प्रधान संदीप सैनी ने चेयरमैन शमशेर सिंह सैनी से सैनी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। चेयरमैन शमशेर सिंह सैनी ने कहा कि समाज को संगठित होकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। सैनी समाज प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और मजबूत होता है। बैठक में पार्टी को मजबूत करने, सदस्यता अभियान चलाने और जनसेवा के कार्यों पर भी विचार विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी दिन रात समाज को एक करने में लगे हुए हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में ऐसे ही कार्य करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर सोनू सैनी, बहादुर सैनी, राजू गुप्ता, जगन चौहान व जयमल सैनी आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। के रादौर में शमशेर सिंह सैनी को सम्मानित करते संदीप सैनी व अन्य।

### लापरवाही पर गिरी गाज 12 बीएलओ निलंबित

**करनाल।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में लापरवाही बरतने वाले 12 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने करनाल विधानसभा क्षेत्र के 9 तथा घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 3 बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण है। उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एसआईआर अभियान को समयबद्ध और सफल बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भविष्य में भी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल, गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किए जाने का आरोप

# पहली ही बारिश में धंस गई नई सड़क पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर में हुई पहली तेज बारिश ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीपली से सेक्टर-2 और सेक्टर-3 को जोड़ने वाली पूजा स्कूल से जिंदल चौक तक की सड़क कई स्थानों पर धंस गई है। यह सड़क कुछ महीने पहले ही तैयार की गई थी, लेकिन पहली ही बारिश में इसकी हालत खराब हो गई। सड़क धंसने के कारण यातायात प्रभावित हुआ और किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने मौके पर बैरिकेडिंग कर रास्ते को बंद कर दिया है। यह मार्ग शहर के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। सड़क धंसने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे अन्य मार्गों पर भी यातायात का दबाव बढ़ गया है। गौरतलब है कि इसी मार्ग से सेक्टर-2 स्थित मुख्यमंत्री के निवास कार्यालय तक भी पहुंचा जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग का कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त हो जाना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण पहली ही बारिश में सड़क धंस गई। सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से सड़क



पर बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया गया है। प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण किया जा रहा है और मरम्मत की तैयारी शुरू कर दी गई है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा भविष्य में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि सड़क पहली ही बारिश नहीं झेल पाती, तो यह सरकारी धन की बर्बादी और लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है।

## जलभराव के दौरान बाधा डालने वालों पर होगी कार्रवाई, प्रशासन का सहयोग करें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जलभराव व अन्य आपदा के समय प्रशासन की प्राथमिकता जन सुरक्षा की रहती है। जैसे ही शुक्रवार को ज्यादा बरसात हुई तो प्रशासन की सभी टीमों ने अलर्ट मोड पर रहते हुए काम किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग करें। कई गांवों में नागरिकों ने बाधा काम को रोकने, बाधा डालने का प्रयास करना चाहा। ऐसा करने वालों पर आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शनिवार को रेलवे रोड पर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएमसी अमन कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा नालो में प्लास्टिक व अन्य सामान फेंकने पर समझाया भी गया। इसके साथ चेतावनी दी कि दोबारा से ऐसा करते मिलने पर चालान किया जाएगा।



### नदी का पानी पाइप से बैक आने पर कलसाना गांव में हुआ था ज्यादा पानी

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कलसाना में पानी आने की सूचना मिली थी। जब प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि तालाब से पानी निकासी वाले पाइप के माध्यम से नदी का पानी बैक आ रहा है। हमारी टीम ने पाइप से बैक आ रहे पानी को रोक दिया है। अब स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### दूसरे दिन मुलाना में मारकंडा का जलस्तर घटा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शुक्रवार को मुलाना में मारकंडा में 40 हजार क्यूसिक पानी का आंकड़ा दर्ज किया गया, जीटी रोड शाहाबाद में 4 हजार क्यूसिक पानी दर्ज किया गया। इस सूचना पर जिला प्रशासन की सभी टीमें अलर्ट मोड पर हो गई हैं। कल से ही सभी बिंदुओं पर पहले से की गई तैयार के अनुसार मोर्चा को संभाल लिया है। आज दूसरे दिन मुलाना में मारकंडा का पानी कल से कम होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसके बावजूद भी प्रशासन की टीमें अलर्ट ही रहेंगी।

### बरसात के मौसम में बच्चों, पशुओं का रखें ध्यान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बरसात के समय पर पानी का बहाव पीछे के पानी से तेज हो सकता है, ऐसी स्थिति को देखते हुए बच्चों, पशुओं और बुजुर्गों का ध्यान रखें। धान रोपाई का सीजन चला हुआ है, ऐसे में किसान भी अपनी स्थिति का ध्यान रखें। उपायुक्त ने बिजली का करंट लगने से दो नागरिकों की मौत पर संवेदना प्रकट की और नागरिकों को हर कार्य को करते समय सावधान बरतने की अपील की।

### जिंदल हाउस में युवा जागरूकता कार्यक्रम

## युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का लिया संकल्प



कुरुक्षेत्र। युवाओं को संबोधित करते वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में आयोजित युवा जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं से समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं ने भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में नवीन जिन्दल फाउंडेशन से आवेश सिंह ने कहा कि युवाओं को कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिन्दल के सेवा भाव और कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग, संसद और विभिन्न सामाजिक दायित्वों में व्यस्त रहने के बावजूद नवीन जिन्दल निरंतर जनकल्याण के लिए समय निकालते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी विशेषता है कि वे सेवा को अपने सार्वजनिक जीवन का मूल आधार मानते हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि यदि युवा भी सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की इसी भावना को अपनाएं तो क्षेत्र और प्रदेश के विकास को नई गति मिल सकती है।

### श्रीशनि शिला मंदिर लाड़वा में आयोजित हुई श्रीसत्यानारायण भगवान की कथा

लाडवा। लाडवा के श्रीशनि शिला मंदिर में 2018 में श्रीभगवान सत्यानारायण की मूर्ति की स्थापना हुई थी इसलिए हर वर्ष इस स्थापना दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमे आज सबसे पहले विधि विधान से भगवान श्री सत्यानारायण की कथा सुनाई गई जिसमे मुख्य यजमान के रूप में चौधरी जोग ध्यान लाडवा ने अपने पुत्र साहिल के साथ पूजा अर्चना की और श्रीशनि महाराज का पूजन करने के बाद ध्वजारोहण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा सनातन संस्कृति में आस्था और विश्वास हमे जीवन में अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित करते है जिससे समाज में शांति खुशहाली आपसी सौहार्द कायम रहता है। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया था। विद्वान पंडित रामस्वरूप शर्मा के सानिध्य में सारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



## मूल्य आधारित शिक्षा से करवाया परिचित

### डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में शनिवार को मूल्य शिक्षा विषय पर एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को मूल्य-आधारित शिक्षा और नवीन शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई के संसाधन व्यक्ति दीपक माट्टा और पूजा शर्मा ने किया। दीपक माट्टा लगभग दो दशकों के शिक्षण अनुभव वाले शिक्षक एवं प्रमाणित आईईएलटीएस प्रशिक्षक हैं तथा वे शिक्षा से जुड़े अनेक सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संचालन कर



चुके हैं। वहीं, राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार-2024 (वर्ष की सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका) से सम्मानित पूजा शर्मा अपनी नवाचारी शिक्षण शैली और शिक्षक प्रशिक्षण में योगदान के लिए जानी जाती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की भावना के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों को पाठ्यक्रम में मूल्य शिक्षा को प्रभावी ढंग से शामिल करने तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए व्यावहारिक रणनीतियों से अवगत कराया गया।

## गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 में आचार्य दक्षता वर्ग संपन्न

थानेसर। गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3 में शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आचार्य दक्षता वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस दक्षता वर्ग का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं भारतीय संस्कृति के आधार पर बालकों का सर्वांगीण विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध विचारक एवं गीता वक्ता कृष्ण भंडारी उपस्थित रहे। उन्होंने आत्म सशक्तिकरण विषय पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु जीवन जीने की संपूर्ण कार्यशैली है। शिक्षक यदि गीता के कर्मयोग, निष्काम भाव और समत्व के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें, तो वे न केवल कुशल शिक्षक बनेंगे बल्कि छात्रों के लिए आदर्श प्रेरणा स्रोत भी बनेंगे। दक्षता वर्ग के दौरान समूह चर्चा, आदर्श पाठ प्रदर्शन एवं समस्या समाधान सत्र भी आयोजित किए गए। सभी आचार्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने अनुभव साझा किए।



## वैज्ञानिक सोच व संगीत प्रशिक्षण पर दिया जोर

### गीता कन्या विद्यालय में आचार्या दक्षता वर्ग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आचार्या दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षिकाओं के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कौशल का विकास करना रहा। दक्षता वर्ग का शुभारंभ गीत, प्रातः स्मरण, एकात्मकता मंत्र एवं एकात्मकता स्तोत्र के उच्चारण से हुआ। इसके बाद मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना सत्र आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र में आचार्या सुधा ने /"बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास कैसे करें/" विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच केवल विज्ञान विषय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रश्न पूछने,



अवलोकन करने, तर्क करने और प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की एक सकारात्मक मानसिक प्रक्रिया है। उन्होंने शिक्षिकाओं से विद्यार्थियों में जिज्ञासा और तार्किक सोच विकसित करने पर विशेष बल देने का आह्वान किया। शिक्षण सत्र में ममता एवं नीलम ने वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण और अभ्यास कराया। उन्होंने संगीत के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वर वह मधुर ध्वनि है जो मन को आनंदित करती है।

## न्यूज डायरी

### चेक बाउंस मामलों की लोक अदालत 18 को

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निदेर्शों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीतिका भारद्वाज ने दी। विशेष लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर व अन्य न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के चेक बाउंस धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले न्यायालय में लंबित है वे 17 जुलाई तक संबंधित अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का विशेष लोक अदालत में विचारार्थ प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस विशेष लोक अदालत में लंबित धारा 138 एनआई एक्ट अपीलों को भी शामिल किया जाएगा ताकि पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त कर सकें।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से धोखाधड़ी करने के आरोपी दलजीत सिंह वासी जाम्बा जिला करनाल को गिरफ्तार में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में सुरेन्द्र भारद्वाज वासी अंसल सुशांत सिटी पानीपत ने बताया कि उसने उमरी चौंक स्थित एक प्लॉट अंशल प्रॉपर्टी से खरीदा था। इस संबंध में 16 जुलाई 25 को बलजीत सिंह वासी उमरी के नाम एक एग्रीमेंट किया गया था तथा प्लॉट में रिपेयरिंग कार्य कराने की अनुमति दी गई थी। बलजीत सिंह द्वारा प्लॉट में रिपेयरिंग का कार्य कराया जा रहा था। 29 नवम्बर 25 की रात्रि को दलजीत सिंह वासी जाम्बा जिला करनाल तथा वीरेंद्र सिंह ने प्लॉट की दीवारें गिरा दीं तथा प्लाट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन : उपायुक्त

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (अवार्डर्स डॉट जीओवी डॉट इन) पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों, विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों या सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों को दिया मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में स्वस्थ, सुरक्षित एवं सहयोगात्मक परिसर वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीन (छात्र कल्याण) कार्यालय तथा थॉट लैब के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षा भवन में सुरक्षा कर्मियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। अधिकाधिक सहभागिता एवं प्रभावी संवाद सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन तीन बैचों में किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन थॉट लैब की काउंसलर डॉ. अंजलि तनेजा ने किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों की पहचान करने के प्रति संवेदनशील एवं सक्षम बनाने पर विशेष जोर दिया। सत्र के दौरान व्यवहार में अचानक बदलाव, भावनात्मक तनाव, सामाजिक अलगाव, अत्यधिक चिंता, निराशा तथा अन्य मानसिक संकट के संकेतों को समय रहते पहचानने के तरीकों की जानकारी दी गई। डॉ. अंजलि ने



कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सुरक्षा कर्मियों की भूमिका सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार बनाए रखने, स्थिति को शांतिपूर्वक संभालने तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों और परामर्श सेवाओं तक विद्यार्थियों को पहुंचाने की होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा कर्मियों से परामर्शदाता की भूमिका निभाने की अपेक्षा नहीं की जाती, बल्कि उनकी सतर्कता, संवेदनशीलता और समय पर उचित सूचना देना विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

### जिला कांग्रेस की मासिक बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाहाबाद विधायक रामकरण काला के इलावा सभी पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ भाग लिया। मेवा सिंह ने पूर्व की हुई बैठकों को लेकर सभी पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की ओर फीड बैक ली। उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारियों के साथ खंड स्तर पर ब्लॉक प्रधान नियुक्त किए गए है जिससे कांग्रेस पार्टी को ज्यादा मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी ब्लॉक पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याएं सुनें और उन्हें पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों से अवगत कराएं।



पिहोवा। धीर परिवार को ठाकुर जी का स्वरूप भेंट करती संत आत्म विभोर पुरी।

### गोसेवा को समर्पित निकाली जा रही प्रभात-फेरियों की प्रेरक शक्ति बन रहीं महिलाएं

पिहोवा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से गौ सेवा को समर्पित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत निकाली जा रही प्रभात फेरियों की श्रृंखला में शुक्रवार प्रातः का आयोजन श्री कृष्ण कृपा मंदिर में डॉ. विनोद धीर एवं नीलम धीर परिवार के सौजन्य से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। प्रभातफेरी के उपरांत आयोजित भजन संकीर्तन में संत आत्मविभोर पुरी ने /"श्री राधे बरसाने वाली, एक कोर कृपा की कर दे/", वीना नारंग ने /"पिला दो सतगुरु जी हरि नाम की मस्ती/" भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संत आत्मविभोर पुरी ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों से संगत को अध्यात्मिक संदेश दिया। इस दौरान संत आत्मविभोर पुरी ने डा. धीर परिवार को ठाकुर जी का पावन स्वरूप स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। आयोजक परिवार के डॉ. विनोद धीर, नीलम धीर, ओम प्रकाश ग्रोवर, चिराग ग्रोवर, ललित खुराना, भूमिका खुराना, विहान, रोहन, आदविक एवं कृष ने सभी श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया।

### रेलवे विभाग ने कुरुक्षेत्र-नरवाना-जींद रेलखंड पर अंतिम तकनीकी कार्य किया पूरा

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर ट्रेन संचालन शुरू, यात्रियों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र शहर के बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार रात नियमित रेल संचालन की शुरूआत हो गई। प्रदेश के पहले एलिवेटेड रेलवे प्लेटफॉर्म पर शुक्रवार रात 8:32 बजे जींद से चलकर आई 54048 जींद-कुरुक्षेत्र पैसेंजर ट्रेन दो मिनट के लिए सिटी थानेसर रेलवे स्टेशन पर रुकी और इसके बाद इंजन की सीटी के साथ कुरुक्षेत्र जंक्शन के लिए रवाना हो गई। इसके साथ ही एलिवेटेड ट्रैक पर नियमित ट्रेनों का संचालन भी शुरू हो गया। शनिवार को भी मालगाड़ी चलाकर ट्रैक का ट्रॉयल



कुरुक्षेत्र। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर बने थानेसर रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

लिया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र से जींद की ओर जाने वाली ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। इससे पहले वीरवार रात्रि रेलवे विभाग ने पूरे दिन कुरुक्षेत्र-नरवाना-जींद रेलखंड पर लगभग 12 घंटे का पावर और ट्रैफिक ब्लॉक लेकर अंतिम तकनीकी कार्य पूरा किया। इस दौरान पुरानी रेलवे लाइन और नए एलिवेटेड ट्रैक के बीच कट एंड कनेक्शन का महत्वपूर्ण कार्य मशीनों की सहायता से किया गया। पुरानी पटरियों को काटकर नई एलिवेटेड लाइन से सफलतापूर्वक जोड़ा गया। तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद रेलवे अधिकारियों ने ट्रैक पर इंजन दौड़ाकर सफल ट्रायल किया। सभी सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने के बाद शाम को ट्रेनों के संचालन की मंजूरी दे दी गई। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शुरू होने से शहर के पांच प्रमुख रेलवे फाटकों पर जाम की समस्या से राहत मिली है। शनिवार को पूरा दिन फाटकों पर यातायात सुचारू रहा। ट्रेन एलिवेटेड रेलवे ट्रैक से निकली।

### 17 को प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जब पहली बार एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर ट्रेन थानेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रायल के दौरान रुकी और यात्रियों के चेहरे पर खुशी, उत्साह और संतुष्टि देखी, तो मन सचमुच भावुक हो गया। यात्रियों के शब्द मेरे लिए किसी सम्मान से कम नहीं थे। उस पल ने वर्षों की मेहनत, संघर्ष और इंतजार को सार्थक कर दिया। जब इस एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का सपना देखा था, तब मन में केवल एक ही भावना थी कि कुरुक्षेत्र को ऐसी सौगात मिले, जिस पर आने वाली पीढ़ियाँ गर्व करें। आज उस सपने को साकार होते देखकर हृदय गर्व, संतोष और कृतज्ञता से भर गया है। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से इस एलीवेटेड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर का मुख्य कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र की है। आप सभी के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद ने ही इस सपने को हकीकत में बदलने की शक्ति दी।

## खबर संक्षेप




### सेवा धाम आश्रम ने शुरू की शव वाहन सेवा

**बराड़ा।** सेवा धाम आश्रम साहा ने जनसेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए गांव साहा एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए निशुल्क शव वाहन सेवा का शुभारंभ किया है। यह शव वाहन स्वर्गीय कृष्ण लाल छाबड़ा की पावन स्मृति में सेवा धाम आश्रम को समर्पित किया गया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के प्रधान पंकज छाबड़ा ने कहा कि साहा क्षेत्र में लंबे समय से निशुल्क शव वाहन सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में यह वाहन सेवा धाम आश्रम को समर्पित करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवारों को दुख की घड़ी में बड़ी राहत मिलेगी।

### पात्र लोग 14 तक भरवाएं अपना गणना प्रपत्र

**अंबाला।** अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल ने शनिवार को एसडी कॉलेज के सभागार में बीएलओज की एक बैठक लेकर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए उन्हें इस कार्य को तेजी से करने बारे निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, नायब तहसीलदार हरिओम, कार्यकारी अभियंता साहिल शर्मा मौजूद रहे। एसडीएम ने बीएलओज को सम्बोधित किया।

### जनसंख्या दिवस की दी जानकारी

**शहजादपुर।** अतिरिक्त सिविल जज एवं चेयरमैन, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति चितेश गुप्ता के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत खेडकी जाटान में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संजीव कुमार जौली ने पैरा लीगल वालंटियर मंजीत के साथ उपस्थित ग्रामीणों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### दुकान से 80 हजार और मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**शहजादपुर।** ककड़माजरा में एक कबाड़ की दुकान से चोर द्वारा अस्सी हजार नगद और एक फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मूल रूप से बिहार के रहने वाले वीरेश कुमार ने बताया कि वह पिछले करीब दो साल से ककड़माजरा गांव में रह रहे हैं।

### प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग का आरोप

**नारायणगढ़।** प्रॉपर्टी डीलर ललित धीमान की कार पर 21 मार्च को गोलियां चलाने के मामले में सीआईए-1 की टीम ने मुख्य आरोपी गैंगस्टर वेंकेट गर्ग को एक बार फिर प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## किसानों की फसलें भी डूबी, लगाए धान की ताजी पनीरी को हो सकता है नुकसान

# बरसात से मारकंडा नदी में उफान हेमामाजरा के मकानों में घुसा पानी


- हर साल बरसाती पानी मचाता है तबाही
- ग्रामीणों की बढ़ी टेंशन, पूरी रात घर का सामान बचाने में गुजर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

पहाड़ी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र से निकलने वाली मारकंडा नदी उफान पर रही। शुक्रवार देर रात को मारकंडा नदी का जलस्तर इस सीजन के अपने अधिकतम स्तर 9 फीट करीब 43,200 क्यूसिक पर पंहुच गया। डा नदी अपने रौद्र रूप में थी। जिससे पानी अपने रास्ते से निकल कर आसपास के गांवों के खेतों में जा घुसा। इसके कारण फसलों को काफी नुक्सान पंहुचा। हालांकि शनिवार सुबह 9 बजे पानी का जलस्तर घटकर 5 फीट पर आ गया जोकि करीब 15 हजार क्यूसिक था।

इससे लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पानी ने यही स्तर काफी देर तक बनाएं रखा। शनिवार शाम 5 बजे मारकंडा नदी में पानी का स्तर 4.7 फीट करीब 14700 क्यूसिक दर्ज किया गया। इस स्तर पर मारकंडा नदी अपने रास्ते से सामान्य बहाव के साथ बह रही थी। संबंधित विभाग ने एडवाइजरी जारी की है कि नदी के तटबंधों पर न जाए।





**मुलाना।** रिहायशी भवनों में जमा पानी की जानकारी देती महिला व घरों व खेतों में जमा पानी का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### खुदाई से भी नहीं बदले हालात

गौरतलब है कि एक महीने से मारकंडा नदी की खुदाई का काम जोरों पर था, जिसके बाद उम्मीद थी कि स्थिति में सुधार होगा। हकीकत यह है कि सारी खुदाई और तैयारी के बावजूद पानी फिर से गांव के भीतर घुस आया। इससे प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के सामने एक स्पष्ट मांग रखी कि नदी किनारे पक्की पटरी का निर्माण होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नदी के किनारे तटबंध (पटरी) का स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक हर साल उन्हें इसी प्रकार के हादसों और नुकसान का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि हेमामाजरा में मारकंडा नदी किनारे पक्की पटरी बननी चाहिए तभी पानी रोके जाने का स्थाई समाधान हो पाएगा। नदी के पानी ने गांव के सैंकडों एकड़ खेतों तक मार की। जिससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान पंहुचा है।

### किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं

मारकंडा नदी का पानी शुक्रवार की देर रात्रि को ओवरफ्लो होते हुए खेतों के रास्ते से हेमामाजरा गांव तक पंहुच गया। पानी ज्यादा होने के चलते नदी का पानी देर रात करीब 11 बजे लोगों के घरों मे घुस गया। लोगों ने अपने घरों का सामान समेटने में रात गुजारी। ग्रामीण पवन कुमार, सुखबीर, अमरनाथ, नराता राम, डिंपल, कर्मचंद, मितलेश, वंदना, राजा राम के घरों में पानी घुसा। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण पवन कुमार, मितलेश, वंदना ने बताया कि घरों में हर साल मारकंडा नदी का पानी आता है। लेकिन कोई विभाग या प्रशासन इसका समाधान करने का कोई उपाय नही करता है। रात को घरों में पानी आते ही घर से बेड़, मंजे, टीवी, अलमारी व अन्य सामान घर से बाहर निकाला। सारी रात जाग कर काटी और सुबह पानी कम होने पर घरो से पानी बाहर निकाला। उन्होंने कहा था कि प्रशासन को पता था ज्यादा पानी आने पर घरों में पानी आता है। लेकिन यहां किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं किया। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

### अंडरपास में जमा हुआ पानी

**बराड़ा।** दो दिनों से जारी बारिश के कारण अंडरपास की दीवारों से लगातार हो रहे रिसाव और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने से यहां करीब डेढ़ फुट पानी जमा हो गया है। अंधेरे और पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए जान जोखिम में डालकर गुजरना मजबूरी बन गया है। पैदल यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना समय साध्य है। दशकों से आवागमन का मुख्य केंद्र रहा यह अंडरपास अब हादसों को न्योता दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन व रेलवे से तत्काल जल निकासी और रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### सीएम ने लिया अपडेट

**अंबाला।** उपायुक्तत अजय सिंह तोमर ने बताया कि मानसून सीजन में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए विभागीय टीमें फील्ड में काम कर रही हैं। बीते रोज बरसात के चलते टांगरी नदी, मारकंडा नदी व घग्गर नदी का अचानक जलस्तर बढ़ गया था। इसको लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से मानसून सीजन के तहत ड्रेनों की सफाई व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर जरुरी निर्देश दिए। तोमर ने बताया कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए जो भी मुख्य ड्रेनों की सफाई करवाई गई थी। सभी विभागीय अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर ड्रेनों की सफाई का कार्य किया है। मानसून सीजन के तहत विभागों द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### नदियों के जलस्तर की समीक्षा की

**अंबाला।** अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों व नगर परिषद के सदस्यों की बैठक लेकर टांगरी व अन्य नदियों में आए 25 हजार क्यूसिक पानी को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के तहत किए गए कार्यों की भी समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश दिए। एसडीएम ने टांगरी नदी के साथ-साथ रिहायशी व ग्रामीण क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी की स्थिति को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो पटवारी, ग्राम सचिव व इसके साथ-साथ फील्ड ऑफिसर सचेत रहें। तुरंत प्रशासन को अवगत करवाएं ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी कॉलोनी में पानी भरता है तो विभागीय टीमें तुरंत पानी निकासी के प्रबंध करें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि टांगरी नदी के नजदीक जो जल घर हैं उनके पानी की टेस्टिंग कर लोगों को क्लोरिन युक्त पेय जल उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित होने चाहिएं। इस दौरान कार्यकारी अभियंता हरबंश सिंह, नायब तहसीलदार आशीष, नायब तहसीलदार हरिओम भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** ड्रेनों का मुआयना करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य अधिकारी।

## अफसरों के साथ फील्ड में उतरे पूर्व राज्यमंत्री

- बोले-बरसाती सीजन में एक भी कॉलोनी में जमा न हो पानी की बूंद
- शहर की सभी मुख्य ड्रेनों की सफाई का जायजा लिया
- एनएचएआई के अधिकारियों की कार्रवाई पर नाराजगी जताई
- कहा लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त
- आईआईटी रुड़की के प्लान से शहर होगा बाढ़मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने के लिए पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल एक बार फिर फील्ड में उतर गए। शनिवार को गोयल ने डीसी व नगर निगम कमिश्नर, जन स्वास्थ्य व सिंचाई विभाग के अधिकारियों व निगम सदस्यों के साथ कई स्थानों का मुआयना किया। बरसात के दौरान किसी एरिया में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए भी अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जरुरी व्यवस्थाएं करने की भी बात कही। बरसाती पानी की निकासी सुगमता से हो इसके लिए सभी अधिकारियों को सभी ड्रेनों की सफाई समुचित तरीके से करवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एनएचएआई से आए अधिकारियों को भी बलदेवनगर, गीता नगरी के साथ-साथ उनके अंतर्गत हाईवे पर जो नाले हैं उनकी भी सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि एनएचएआई के कुछ कार्यों में देरी दिखी है जिसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक करके जो भी त्रुटियां हैं उन्हें दूर करने की दिशा में काम किया जा जाएगा।

### स्थायी समाधान

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल भराव की स्थिति से लोगों को निजात मिले, इसके लिए आईआईटी रुडकी ने जल निकासी का एक बड़ा और विस्तृत प्लान तैयार किया है। इस योजना के तहत पब्लिक हेल्थ नहीं, बल्कि इरिगेशन, पब्लिक हेल्थ, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, एचएसवीपी और रेवेन्यू जैसे सात विभागों को एक साथ लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को लेकर वीरवार को आईआईटी रुडकी के प्रतिनिधियों के साथ विभागीय अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक भी की जाएगी ताकि इस कार्य में तेजी लाई जा सके। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि इस प्रोजेक्ट के धरातल पर आने के बाद अंबाला शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

निरीक्षण के दौरान काकरू के नजदीक हाईवे के पास बरसाती पानी की निकासी ओर सुगमता से हो सके इसके लिए अधिकारियों को स्ट्रॉम डिस्पोजल की रूपरेखा तैयार करने बारे भी निर्देश दिए गए। इस दौरान देवीनगर के नजदीक जो नाला गुजर रहा है वहां पर कूड़ा-कर्कट के चलते बरसाती पानी अवरूद्ध हो जाता है। वहां पर सफाई व्यवस्था करवाने के साथ-साथ मनमोहन नगर पुलिया के पास भी सफाई व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति नालों में कूड़ा-कर्कट न डाले, इसके चलते बरसात के मौसम में समस्या पैदा होती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यदि कोई यहां पर कूडा-कर्कट डालता है तो विभाग उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाए। मकसद कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देनी है।



### सेक्टर-15 पंचकूला में पहली बार भजन संध्या

**पंचकूला।** सीनियर सिटीजन काउंसिल, सेक्टर-15 पंचकूला में आज पहली बार भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की सुखद भावना का संचार हुआ। कार्यक्रम में काउंसिल के अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता तथा स्पिरिचुअल सब कमेटी के चेयरपर्सन सुरिन्दर बंसल ने मशहूर भजन गायक श्री गोपाल कृष्ण गौतम और संतूर वादक सुश्री गुरपिंदर कौर को दुपट्टा ओढ़ाकर तथा पुष्पमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया। गौतम भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार हैं। काउंसिल के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कलाकारों और श्रद्धालुओं का स्वागत करते कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भजन संध्या जैसे आयोजन समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। आज की भजन संध्या अत्यंत अविस्मरणीय रही। मधुर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मन को भक्ति, शांति और आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। कार्यक्रम में 250 से अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंच संचालन महासचिव श्री अविनाश मेहता ने बड़े सुचारू एवं प्रभावशाली ढंग से किया। काउंसिल के उपाध्यक्ष शाम लाल मित्तल ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### युवती की फोटो लेने पर विवाद

**बराड़ा।** सिंहपुरा कालोनी में एक सफाई कर्मी द्वारा युवती की फोटो खींचने पर विवाद हो गया। परिवार की ओर से पुलिस को शिकायत देकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर के आधार पर लड़की के पिता ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार सिंहपुरा कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा इकट्ठा वाले कर्मचारी पंहुचे थे। जैसे ही पीड़िता गाड़ी में कचरा डालने के लिए गई तो सफाई कर्मचारी ने बिना उसकी अनुमति के अपने मोबाईल में फोटो खींच ली। युवती ने इस पर आपत्ति जताई और अपने घर बताया। पता चलने पर युवती के पिता ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। तस्वीर सामने आने पर बलजीत सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस को देकर सफाई कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।।

## मांगपत्र सौंपकर मदद की लगाई गुहार

- टेट परीक्षा से राहत देने व ओपीएस को लेकर शिक्षकों ने राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से मांगों को लेकर किए जाने आंदोलन के तहत शनिवार को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद से उनकी मांगें राज्य व केंद्र सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। सांसद ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर हर संभव विचार किया जाएगा। वे खुद केंद्र व राज्य सरकार को इन मांगों से अवगत करवाएंगे। संघ के जिला महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अंबाला की टीम ने राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा को सन् 2009 से पहले सरकारी विद्यालयो में नियुक्त अध्यापकों के लिए अनिवार्य टेट परीक्षा से राहत देने व सभी एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में शिक्षक भी मौजूद थे। गिल ने बताया कि सांसद ने मौके पर अध्यापकों की सभी मांगों को ध्यान से सुना व टेट के मुद्दे को संसद में रखने का आश्वासन दिया। साथ ही ओपीएस के मुद्दे पर गहनता से विचार- विमर्श किया। उपस्थित सभी अध्यापकों ने सांसद का धन्यवाद दिया। शिक्षकों को उम्मीद है कि राज्यसभा सांसद उनकी मांगों को संसद में उठाकर केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे।



**अंबाला।** सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

## रथयात्राओं की तैयारियां तेज

**अंबाला।** इस बार अंबाला शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की दो भव्य रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। पहली रथयात्रा 16 (वीरवार) को सायं 4 बजे पुराने सिविल अस्पताल के सामने स्थित श्री राधे श्याम मन्दिर से निकाली जाएगी। वहीं, दूसरी भव्य रथयात्रा इस्कॉन कुरुक्षेत्र एवं इस्कॉन अंबाला प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 जुलाई को सांय 5 बजे रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु खुद हाथों से भगवान का रथ खींचेंगे। 31 जुलाई से सेक्टर-9 में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। पहला कार्यक्रम 16 जुलाई (वीरवार) को भगवान श्री जगन्नाथ की पहली रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री कृष्ण भक्ति प्रचार समिति और ट्रस्ट मंदिर श्री राधे श्याम मंदिर सोसायटी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। पुराने सिविल अस्पताल के सामने स्थित श्री राधे श्याम मन्दिर में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्यों ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। समिति के सदस्य श्याम कुमार और धर्मेश मित्तल ने बताया कि रथयात्रा 16 जुलाई को सांय 4 बजे श्री राधे श्याम मंदिर से शुरू होगी।

- 16 व 29 को भव्य रथयात्राओं में श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ के होंगे साक्षात दर्शन

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल की अध्यक्षता में बस चालक और परिचालकों की बैठक

## छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि, नियमों से नहीं होगा कोई समझौता

- तकनीकी फिटनेस और साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल जयदेव शर्मा की अध्यक्षता में स्कूल बसों के ड्राइवरों एवं कंडक्टरों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्र सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। शर्मा ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना सभी ड्राइवरों और कंडक्टरों की नैतिक एवं व्यावसायिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी चालकों को निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने, सभी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में ओवरटेकिंग या जल्दबाजी से बचने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों को बस में चढ़ाते और उतारते समय वाहन हमेशा सड़क के सुरक्षित किनारे ही रोका जाए तथा इस दौरान कंडक्टर प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करे। यह भी निर्देश दिए गए कि सभी ड्राइवर एवं कंडक्टर ड्यूटी के दौरान निर्धारित यूनिफॉर्म में रहें। प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस तथा स्पीड गवर्नर पूरी तरह कार्यशील होना चाहिए। इसके अलावा वाहनों के टायरों की नियमित जांच, तकनीकी फिटनेस और साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। प्रिंसिपल ने कहा कि यदि किसी भी मार्ग पर कोई अप्रिय या विवादित स्थिति उत्पन्न होती है तो चालक स्वयं विवाद में पड़ने के बजाय तत्काल विद्यालय प्रबंधन को इसकी सूचना दें, ताकि मामले का उचित समाधान किया जा सके।



**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते हुए डीएवी का नॉन टीचिंग स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### कोई कमी नहीं छोड़ेंगे

बैठक के अंत में सभी ड्राइवरों एवं कंडक्टरों ने विद्यालय प्रबंधन को भरोसा दिलाया कि वे जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ पालन करेंगे तथा विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।